# घोड़ा चौराहा में फुटपाथ पर सजती हैं दुकानें, जाम से नहीं मिली निजात

## फल के ठेलों ने बिगाड़ी व्यवस्था, निगम का उड़नदस्ता दल मौन दर्शक, आए दिन होता है विवाद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, शहर का हृदय स्थल घोड़ा चौराहा कहा जाता है सबसे पुराना बाजार यही पर है और खरीददारी के लिये लोगो की भीड़ लगी रहती है. त्यौहार जब नजदीक आता है तो लोगो की भीड़ और बढ़ जाती है लेकिन यहा की व्यवस्था आज तक नही बदली, सड़क तक दुकानदारो ने अस्थाई कब्जा कर रखा है और फुटपाथ पर दुकाने सजी हुई है, जो जगह बचती है उस पर फल के ठेले खड़े हो जाते है जिसके कारण चौराहे से सब्जी मंडी और फोर्ट रोड़ जाना कठिन हो जाता है.**



नगर निगम का उड़नदस्ता दल सायरन मारते हुए घूमता रहता है पर कभी भी यहा किये गये अस्थाई अतिक्रमण एवं फल के ठेलो को नही हटाया जाता. सवाल यह उठता है कि जब त्यौहार में भीड़ बढ़ती है और जाम लगता है ऐसी स्थित में ठेलों को हटाना चाहिये. आये दिन राहगीरो से विवाद की स्थित बनती है. कई बार शिकायत भी की गई पर कोई कार्यवाही नही होती. नगर निगम कार्यालय से 100 मीटर की दूरी पर घोड़ा चौराहा है पर किसी को यहा की अव्यवस्था दिखाई नही देती है. स्थानीय बड़े व्यापारियों का कहना है कि खुद वह परेशान है मोटर साइकल खड़ी करने तक की जगह नही है. जिसके कारण उनकी दुकान ग्राहक नही आते है. वही राहगीरों का कहना है कि पैदल ही बाजार के अंदर जाते है क्योंकि मोटर साइकल खड़ा करने तक की जगह नही है.

**अधूरी रह गई कार्यवाही -** फोर्ट रोड़ से सब्जी मंडी के अंदर जाने वाले मार्ग पर किये गये दुकानदारो द्वारा अतिक्रमण को हटाने के लिये कार्यवाही पूर्व में शुरू की गई थी लेकिन स्थानीय दुकानदारो के द्वारा विरोध किया गया और समय मांगा गया था कि वह खुद अपना अतिक्रमण हटा लेगे. लेकिन कोई अतिक्रमण नही हटाया गया और नही नगर निगम ने पुन: कार्यवाही की.

### प्रकाश चौराहा पर ठेले वालों का कब्जा

प्रकाश चौराहा से अंदर सब्जी मंडी और गुड़हाई बाजार जाने वाले मार्ग में भी ठेले वालों का कब्जा है. यहा भी दुकानदार पटरी तक सामान रखकर बैठे रहते है और उसके बाद जो जगह बचती है उसमें फसल एवं अन्य सामान ठेले में लेकर बेचने वाले खड़े हो जाते है. जिसकी वजह से बाजार के अंदर जाना मुश्किल हो जाता है, जबकि यही से लोग सब्जी मंडी के अंदर जाते है. कार ले जाना तो मुश्किल होता है पैदल भी कोई निकल नही पाता पूरी सड़क पर हाथ ठेला एवं स्थानीय दुकानदारो का कब्जा है.

### होली पर फोर्ट रोड में सजती हैं दुकानें

कोई भी त्यौहार जब नजदीक आता है तो फोर्ट रोड़ के दोनो तरफ दुकाने सज जाती है और सबसे ज्यादा लोग इसी मार्ग में खरीददारी के लिये पहुंचते है और यही से होकर सब्जी मंडी एवं खटकहाई में खरीददारी के लिये जाते है. इस समय हालत यह है कि मार्ग से निकलना मुश्किल होता है. वाहन की बात तो दूर रही पैदल निकलना मुश्किल होता है. मार्ग सकरा है और दोनो तरफ दुकानदार पटरी तक सामान रखकर बैठ जाते है और जब कोई त्यौहार आता है तो ज्यादा सामान रख देते है जिसके कारण आवागमन बाधित होता है. कभी भी इस मार्ग में नगर निगम उड़नदस्ता दल कार्यवाही के लिये नही पहुंचता है. घोड़ा चौराहे से लेकर सिंधी चौराहा तक सबसे ज्यादा जाम लगता है. दोनो तरफ दुकाने सड़क तक पसरी रहती है.



# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं जारी हैं. इस क्रम में कक्षा दसवीं के विज्ञान विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा ली गई. इस समय बोर्ड परीक्षाएं जिले भर में चल रही है. शांतिपूर्ण परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा आयोजित हो रही है.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय मार्तण्ड उमावि उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक परीक्षा केन्द्र का दौरा करके बोर्ड परीक्षाओं का जायजा लिया. कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्ष तथा सहायक केन्द्राध्यक्ष से परीक्षाओं के संबंध में जानकारी ली. कलेक्टर ने प्राचार्य को परीक्षा केन्द्र परिसर में नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान शेष बचे प्रश्नपत्र बिना सीलबंद लिफाफे में पाए गए. कलेक्टर ने कहा कि प्रश्नपत्र वितरित करने के बाद शेष प्रश्नपत्र तत्काल लिफाफे में सीलबंद करके पेटी में सुरक्षित रखें. परीक्षा केन्द्र परिसर में मोबाइल फोन के प्रतिबंध का कठोरता से पालन कराएं. माध्यमिक शिक्षा मण्डल से अनुमति प्राप्त व्यक्ति के अलावा कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन के साथ परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश न करे. शिक्षक भी मोबाइल फोन लेकर केन्द्र में न जाएं. कलेक्टर ने प्राचार्य को परीक्षा केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए. कक्षा दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केन्द्र में एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा. कलेक्टर के साथ-साथ एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने भी विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया.

# कमिश्नर ने दो अधिकारियों को किया निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने शिक्षा विभाग के दो अधिकारियों के निलंबन के आदेश दिए हैं.**

जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार प्रभारी एपीसी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रीवा सुधाकर तिवारी तथा विनय मिश्र प्राचार्य शासकीय उमावि गुढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है. निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय संयुक्त संचालक कार्यालय रीवा रहेगा. श्री तिवारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा. निलंबन अवधि में श्री मिश्र का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रीवा रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा. जारी आदेश के अनुसार संचालनालय द्वारा 43 उत्कृष्ट विद्यालयों के भवनों में सुधार कार्य के लिए 50 लाख रुपए आवंटित किए गए थे. इस आवंटन के भुगतान के संबंध में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर तीन सदस्यीय समिति द्वारा जांच कराई गई. भुगतान के संबंध में दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया. नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने तथा जाँच समिति द्वारा वित्तीय अनियमितता का प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है.

# पटाखा गोदाम हटाने ग्रामीण हुए एकजुट

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, रीवा जनपद के मैदानी में संचालित पटाखा दुकान और गोदाम को हटाने के लिए अब ग्राम वासी एकजुट हो चुके हैं और इसे हटाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से भी शिकायत की जा चुकी है.**

वहीं पटाखा दुकान के संचालक को लेकर ग्राम पंचायत से किसी भी प्रकार की परमिशन न होने की बात भी सामने आई है. आपको बता दें रीवा जनपद के ग्राम मैदानी में कई पटाखा दुकान और गोदाम संचालित है यहां बड़े स्तर पर विस्फोटक का भंडारण किया जाता है. इसी को लेकर मोहल्ले वासियों ने विरोध शुरू कर दिया है मैदानी में रहने वाले रविंद्र यादव रामलाल मिश्रा भूपेंद्र द्विवेदी सहित अन्य लोगों ने बताया कि गोदाम हटाने की मांग की है.

## संक्षिप्त

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा,** लेखा प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं. आवेदन पत्र 16 मार्च तक लेखा प्रशिक्षण शाला में दो प्रतियों में स्वीकार किये जायेंगे. प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र आयोजित होगा. प्रशिक्षण के लिए शाला में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जायेगा. इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला शिल्पी प्लाजा ए-ब्लाक द्वितीय तल से प्राप्त की जा सकती है.

### जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति की बैठक 2 मार्च को

**रीवा,** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति की बैठक 2 मार्च को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है. सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है.

### नशे में प्रधान आरक्षक का वीडियो वायरल

**रीवा,** रीवा शहर के समान थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सेवानिवृत होने से पहले विवादों में घिर गए हैं. इनका एक वीडियो सोशल साइट पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें वह नशे की हालत में लहराते नजर आ रहे हैं और थाने के अंदर जा रहे हैं. वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया है और जल्द ही इनके ऊपर कारवाई की गाज गिर सकती है. नशे की हालत में लहराते हुए यह प्रधान आरक्षक गणेश साकेत है जो सामान थाने में पदस्थ है. बताया गया है कि कुछ दिनों पूर्व ही यह गंभीर बीमारी से उपचार करा कर वापस आए हैं और वर्तमान में भी इनका उपचार चल रहा है. बताया गया है कि यह जल्द ही पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं पूरी कर सेवानिवृत्ति भी होने वाले हैं लेकिन उससे पहले इनका एक वीडियो सोशल साइट पर वायरल हुआ है जिसमें यह नशे की हालत में लहराते नजर आ रहे हैं. वीडियो को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रधान आरक्षक शराब के नशे में है लेकिन वह शराब के नशे में है.

### गन्दगी फैलाने पर काटा चालान

**रीवा,** निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा की स्वच्छता टीम द्वारा शहर में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई. इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 27 एवं 40 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई. टीम द्वारा एसएएफ चैराहा से धोबिया टंकी तक भ्रमण कर निरीक्षण किया गया. इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने, नालियों में अपशिष्ट डालने तथा सड़क किनारे गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई. इस दौरान कुल रूपये 12,250 की स्पॉट फाइन राशि वसूल की गई. निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, दुकानों में समुचित रूप से डस्टबिन का प्रयोग करें एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएँ. नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, स्वच्छता निरीक्षक आकाश वर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

### शिविर में जमा कराई गई राशि

**रीवा,** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर राजस्व वसूली, सम्पत्तिकर, जलकर एवं अवैध कॉलोनी शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली जमा कराये जाने हेतु 09 फरवरी से 09 मार्च 2026 तक वार्डवार विशेष वसूली शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. 27 फरवरी को वार्ड 38, 39 एवं 42 के लिए नारायण चक्की के पास में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सम्पत्तिकर बकाया राशि 98000 रू. एवं जलकर बकाया राशि 208312 रू. जमा कराया गया. इस क्रम में दिनांक 02 मार्च को वार्ड 31 एवं 32 के लिए गुलबसिया चैराहा में शिविर का आयोजन किया जावेगा. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में स्वयं के निवास का संपत्तिकर जमा करने पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, इन शिविरों के माध्यम से आमजनता के नगर निगम के बकाया करों का भुगतान सरलता से कर सकती है. नगर निगम द्वारा अपील किया गया है कि शिविर में पहुंचकर छूट का लाभ उठाए.



बोर्ड आफ विजिटर्स के सदस्य केन्द्रीय जेल का निरीक्षण करते हुए

# वार्ड में पहुंचे निगम आयुक्त, सफाई न होने पर दरोगा को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने शहर के विभिन्न वार्डों का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जायजा लिया.**



इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 27 का भ्रमण कर वर्षा ऋतु में संभावित जलभराव स्थल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने वर्षा जल निकासी, नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया. वर्षा ऋतु में होने वाले जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को स्थायी समाधान के लिए स्ट्रॉर्म वाटर ड्रेनेज हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान वार्ड की नालियों की सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित वार्ड दरोगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. साथ ही निर्देशित किया गया कि क्षेत्र की सभी नालियों की नियमित सफाई की जाए. उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन दुकानदारों द्वारा नालियों में कचरा डाला जा रहा है उन पर चलानी कार्रवाई की जाए. इसके अतिरिक्त, रोड पटरी पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए. आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 38 एवं 39 में वर्षा ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाली बाढ़/फ्लड की संभावित स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की. निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री मौजूद रहे.

# बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों ने केन्द्रीय जेल का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, कारागारों में जाति आधारित भेदभाव या इस प्रकार की भेदभावपूर्ण प्रथाओं एवं अन्य परिस्थितियों के संबंध में जेलों का निरीक्षण करने हेतु गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा केन्द्रीय जेल का औचक निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण के दौरान बोर्ड ऑफ विजिटर्स के अध्यक्ष राकेश मोहन प्रधान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, समीर कुमार मिश्रा जे.एम.एफ.सी. एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सदस्य श्रीमती प्रतिभा पाल कलेक्टर, श्रीमती सपना त्रिपाठी अपर कलेक्टर, शैलेन्द्र सिंह चौहान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रीवा, राजीव अग्रवाल अति. पुलिस अधीक्षक सहित पैरालीगल वालेंटियर तथा बोर्ड ऑफ विजिटर्स के अन्य सदस्य उपस्थित रहे. बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा समस्त बंदी वार्डों, जेल अस्पताल, कारखाना, महिला वाई, खाद्यान्न भण्डारण कक्ष समेत अन्य स्थानों का निरीक्षण कर जेल की सुरक्षा एवं बंदियों की उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया गया. बंदियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे में पूंछा गया. केन्द्रीय जेल में किसी प्रकार का जातिगत भेदभाव नहीं पाया गया. पाकशाला का भ्रमण कर बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन का अवलोकन टीम द्वारा किया गया. निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय जेल की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था अच्छी पाई गई. अतिसंकुलता को दृष्टिगत रखते हुये जेल के पृथक सेक्टर में चल रहे अतिरिक्त बैरिक निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई. बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों के भ्रमण के दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद प्रजापति मौजूद रहे.

# पुताई कर रहा श्रमिक तीन मंजिला छत से गिरा नीचे, मौत

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, रीवा जिले के सिविल अस्पताल त्योंथर में लापरवाही सामने आई है.**

यहां सिविल अस्पताल परिसर में पुताई कार्य कर रहे एक श्रमिक छोटेलाल मांझी 34 साल की तीन मंजिला छत से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई. परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार ने मजदूर को कोई भी व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण न हेलमेट, न सेफ्टी बेल्ट, न सेफ्टी नेट उपलब्ध नहीं कराया था. बिना सुरक्षा इंतजाम के ऊंचाई पर काम कराना सीधी जानलेवा लापरवाही बताई जा रही है. हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने एसडीएम बगला का घेराव कर 50 लाख रुपये की सहायता राशि और ठेकेदार पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे. परिजनों ने सोहागी त्योंथर मार्ग को चक्काजाम कर दिया.

# कृषि यंत्रीकरण को अपनाने से खेती की लागत घटी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, सिरमौर विकासखण्ड के ग्राम गोदहा के प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने आधुनिक कृषि यांत्रिकीकरण को अपनाकर न केवल अपनी खेती की लागत घटाई, बल्कि फसल अवशेष प्रबंधन में भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है.**

श्री वर्मा ने सुपर सीडर कृषि यंत्र को अनुदान पर एक लाख 20 हजार रूपये प्राप्त किया. इस यंत्र की मदद से उन्होंने गेंहू, सरसों, मूंग और धान जैसी फसलों की बुवाई के बाद खेत में बचे फसल अवशेषों (पराली) का कुशल प्रबंधन किया. सुपर सीडर ने फसल अवशेष को मिट्टी में मिला दिया, जिससे भूमि की उर्वरता बढ़ी और पर्यावरण से भी बचाव हुआ. पिछले दो वर्षों में श्री वर्मा ने औसतन 300 एकड़ क्षेत्र में सुपर सीडर का उपयोग किया. उन्होंने न केवल अपने खेतों में बल्कि आसपास के किसानों को भी इस तकनीक का लाभ दिलाया, जिससे क्षेत्र में पराली जलाने की प्रवृत्ति में उल्लेखनीय कमी आई.

# लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निराकरण पर जोर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा.**



विद्युत प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण हेतु नवीन जिला न्यायालय भवन के कान्फ्रेंस हाल में विद्युत विभाग के पदाधिकारीगण एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई. बैठक में विद्युत न्यायाधीश वारीन्द्र कुमार तिवारी, जिला न्यायाधीश एवं माहित कुमार, जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा ने विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को आगामी नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में अधिक से अधिक निराकरण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये. उल्लेखनीय है कि आगामी 14 मार्च को समस्त प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति, 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भूअर्जन, नगर पालिका निगम, प्रीलिटिगेशन प्रकरण के प्रकरण निराकरण हेतु रखे जायेंगे. नेशनल लोक अदालत में शासन द्वारा लंबित विद्युत प्रकरणों में 30 प्रतिशत की छूट दी जावेगी. सभी पक्षकारगण लोक अदालत में लाभ उठाए.

# महिला कांग्रेस ने पुतला दहन कर केन्द्रीय मंत्री का मांगा इस्तीफा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 फरवरी, महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन कर तत्काल इस्तीफे की मांग की है.**

यह प्रदर्शन एपस्टीन फाइल्स प्रकरण को लेकर देशभर में चल रही राजनीतिक हलचल के बीच किया गया. इस दौरान महिलाओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मंत्री हरदीप सिंह पुरी से तत्काल इस्तीफा लेने की मांग की. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सबसे अधिक भ्रष्ट और विवादित व्यक्ति मंत्री पद पर आसीन हैं.

इस अवसर पर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कविता पांडे ने भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस प्रकार की घोर निंदनीय हरकत करने वाले मंत्री को अब तक पद पर बनाए रखना भाजपा सरकार की सोच को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि इस प्रकार के मामलों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है. पुतला दहन में महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष तारा त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष सीमा सिंह, पूर्व विधायिका विद्यावती पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बबीता साकेत, जिला अध्यक्ष सीमा सिंह जरहा, शहर अध्यक्ष तारा त्रिपाठी, प्रभा सोहगौरा, विजय लक्ष्मी मिश्रा, लक्ष्मी सिंह परिहार, किरण सिंह, नीलू पांडे, डॉ. प्रतिभा पटेल, बीनू पांडे, सोनिया कछवाहा, देवती वर्मा, संध्या पांडे, ममता शुक्ला मौजूद रही.



महिला कांग्रेस की पदाधिकारी केन्द्रीय मंत्री का पुतला दहन करते हुए